शहीद उधम सिंह बलिदान दिवस

चर्चा में क्यों?

हाल ही में हरियाणा सरकार ने घोषणा की है कि **31 जुलाई** को **शहीद उधम सिंह बलिदान दिवस** के सम्मान में **राजपत्रित अवकाश** रहेगा।

मुख्य बिंदु

- **अवकाश की घोषणा:** हरियाणा सरकार ने **शहीद उधम सिंह बलिदान दिवस** हेतु 31 जुलाई को राजपत्रित अवकाश घोषित किया है।
- **स्कूल में अवकाश:** इस घोषणा के परिणामस्वरूप गुड़गाँव और फरीदाबाद सहित संपूर्ण राज्य में सभी सरकारी और निजी स्कूल में अवकाश रहेगा।
- **सार्वजनिक अवकाश की घोषणा:** विगत वर्ष दिसंबर में हरियाणा सरकार ने 2024 के लिये सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की, जिसमें **शहीद उधम सिंह** और अन्य शहीदों के सम्मान में **31 जुलाई, 2024** को सभी सार्वजनिक कार्यालयों, स्कूलों एवं कॉलेजों को बंद करने का निर्णय किया गया था।
- **शहीद उधम सिंह की महत्ता:** शहीद उधम सिंह को **जलियाँवाला बाग नरसंहार** का बदला लेने के लिये इसके मास्टरमाइंड **माइकल ओ'डायर** की हत्या करने के लिये जाना जाता है।

उधम सिंह

- उधम सिंह का जन्म वर्ष 1899 में पंजाब के **संगरूर** ज़िले के **सुनाम में** हुआ और उन्हें **शहीद-ए-आज़म सरदार उधम सिंह** भी कहा जाता है जिसका अर्थ **'महान शहीद'** होता है।
- उन्हें **भारतीय स्वतंत्रता संग्राम** के अग्रणी क्रांतिकारियों में से एक माना जाता है।
- **13 अप्रैल, 1919 को जलियाँवाला बाग नरसंहार** के बाद वे क्रांतिकारी गतिविधियों और राजनीति में अधिक सक्रिय हुआ। वे **भगत सिंह** से बहुत प्रभावित थे।
- वर्ष **1924** में वह **गदर पार्टी** में शामिल हुए और औपनिवेशिक शासन का समूल नाश करने उद्देश्य से प्रवासी भारतीयों को संगठित किया।
- **1927** में क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये सहयोगियों और हथियारों के साथ भारत लौटते समय, उन्हें **अवैध रूप से आयुध रखने** के आरोप में गिरफ्तार किया गया तथा पाँच वर्ष का कारावास दिया गया।
- **13 मार्च, 1940 को** सिंह ने कैक्सटन हॉल में **ईस्ट इंडिया एसोसिएशन और रॉयल सेंट्रल एशियन सोसाइटी** की एक बैठक में **जनरल डायर** की जगह **माइकल ओ'डायर** को गोली मार दी।
- उन्हें मृत्युदंड दिया गया और **31 जुलाई, 1940** को लंदन की **पेंटनविल जेल** में फाँसी की सज़ा दी गई।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shaheed-udham-singh-martyrdom-day